Title: Demanded not to exclude any accused"s name chargesheeted by the CBI in the Bofors case.

कुंवर अखिलेश सिंह : माननीय अध्यक्ष महोदय, आठवीं लोक सभा के दौरान सरकार चलाने वाले लोगों ने बोफोर्स तोप खरीद में बड़े पैमाने पर रिश्वतखोरी करने का कार्य किया और उस समय की सरकार के वित्त मंत्री ने इस बोफोर्स तोप दलाली के मामले का भंडाफोड़ किया था। इसके बाद वह सरकार से निकाले गये। पूरे देश के अंदर इस भ्रष्टाचार के खिलाफ जनान्दोलन खड़ा हुआ और पूरे देश में एक संदेश गया कि जब सत्ता की कुर्सियों पर बैठे हुए लोग रिश्वतखोरी में लिप्त रहेंगे तो इस देश से भ्रष्टाचार को मिटाया नहीं जा सकता है। इस सवाल पर पूरे देश का नौजवान जनांदोलन के लिए तैयार हो गया। सैकड़ों, हजारों नहीं बल्कि लाखों नौजवानों को तत्कालीन सरकार के लोगों ने आंदोलन कुचलने के लिए जेलों में डालने का काम किया। आठवीं लोक सभा से लेकर आज १३वीं लोक सभा के दरम्यान उस बोफोर्स तोप दलाली के मामले की जांच करते हुए सी.बी.आई. ने न्यायालय में कुछ लोगों के खिलाफ चार्जशीट प्रस्तुत की है। अध्यक्ष महोदय, मुझे यह कहने में तनिक भी संकोच नहीं है कि सरकार अंतरराष्ट्रीय स्तर के दलालों को बचाने की साजिश कर रही है। हिंदुजा जैसे लोगों को बचाने की साजिश सरकार में बैठे हुए लोग कर रहे हैं और केवल हिंदुजा जैसे लोगों को ही बचाने की साजिश नहीं की जा रही है बल्कि विपक्ष में बैठे हुए तमाम वे लोग जो बोफोर्स के भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी में लिप्त हैं, उन्हें भी बचाने की साजिश की जा रही है। आज विपक्ष के कुछ लोगों के दबाव में यह सरकार कुछ लोगों का नाम उस चार्जशीट से निकालने की तैयारी कर रही है। सरकार पूरी तरह से विपक्ष के दबाव में आ गई है। एक नई तरह की विषम परिस्थिति पैदा हो गई है। इसलिए हम सरकार से मांग करते हैं कि बोफोर्स तोप दलाली के सवाल पर जितने लोग चार्जशीट हुए हैं उन पर वह स्पष्ट आश्वासन दे कि चार्जशीट किये गये किसी भी व्यक्ति का नाम निकाला नहीं जायेगा और जो लोग बोफोर्स तोप दलाली के मामले में रिश्वतखोरी से बचाये गये हैं, उनके विरुद्ध भी नये सिरे से न्यायालय में चार्जशीट प्रस्तुत करके उन्हें दंडित किया जायेगा।

अध्यक्ष महोदय, चाहे वे हिन्दूजा हों, चाहे कोई भी हों, उनको बचाने के प्रयास क्यों किए जा रहे हैं। अभी-अभी समाचारपत्रों में आया है कि विपक्ष की नेता एवं उनके समर्थक लोगों के भी नाम उभर कर सामने आए हैं। लेकिन इस सवाल पर सरकार की कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

... (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : श्री विष्णु पद राय।

श्री विष्णु पद राय (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) : अध्यक्ष महोदय, मैं अंडमान निकोबार द्वीप समूह से आया हूं।

... (व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव छ अध्यक्ष महोदय, अगर बीमा विधेयक एवं अन्य विधेयकों को पास कराने के लिए सत्तारूढ़ पार्टी विपक्ष के साथ मिलकर काम करे और बोफोर्स के मसले को इस प्रकार से दबाने का काम किया जाएगा, तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।

... (व्यवधान)

SHRI MANI SHANKAR AIYAR (MAYILADUTURAI): Mr. Speaker, Sir, is this a debate? Kunwar Akhilesh Singh has mentioned what he has to say. Now what is the need for Shri Mulayam Singh Yadav to speak? If he does, then I insist that I should also speak. Are they trying to start a debate here? This is a mention during `Zero Hour". So, it should be over with that. Why should Shri Mulayam Singh Yadav speak now? ... (Interruptions)

MR. SPEAKER: Shri Mulayam Singh Yadav, you can associate with him since he has already raised that matter.

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: No. You can associate with him.

... (Interruptions)

SHRI MANI SHANKAR AIYAR : Mr. Speaker, Sir, this is not entirely important. If he raises the matter like this, in that case, we can have a debate. ... (Interruptions)

MR. SPEAKER: Shri Mulayam Singh Yadav, you can associate with him.

... (Interruptions)

श्री विष्णु पद राय : अध्यक्ष महोदय, आपने मेरा नाम बोला है और मैं बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं, लेकिन सीनियर मैम्बर बोले जा रहे हैं और मुझे बोलने का अवसर नहीं दे रहे हैं। मेरा आग्रह है कि उन्हें बैठने के लिए कहिए ताकि मैं बोल सकूं।

... (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : विष्णु पद राय जी, आप एक मिनट बैठिए।

... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: You can associate with him. He has already raised the matter.

... (Interruptions)

SHRI MANI SHANKAR AIYAR : Sir, What is he saying now? Please remove it from the records.

">

">श्री मुलायम सिंह यादव : अध्यक्ष महोदय, सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों मिलकर बोफोर्स के मामले को दबा रहे हैं। महोदय, ऐसे महत्वपूर्ण प्रश्न को जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के दलाल शामिल हैं, उस विषय को उठाने की अनुमति दी जाए। ... (व्यवधान)

">

">SHRI MANI SHANKAR AIYAR : Why is he speaking like this?

">श्री मुलायम सिंह यादव : अध्यक्ष महोदय, मुझे पूरा अवसर दिया जाना चाहिए ताकि मैं एक-एक बात को स्पष्टरूप से कह सकूं

... (व्यवधान)
">

">अध्यक्ष महोदय : मुलायम सिंह जी, आपकी पार्टी के मैम्बर ने इस मामले को रेज किया है। आप अपने को उनके साथ एसोसिएट कर सकते हैं।

">

">You can associate with him. What is this? No. You can associate with him.

">श्री मुलायम सिंह यादव : अध्यक्ष महोदय, मुझे अपनी पूरी बात कहने का अवसर दिया जाए ताकि विदेशों में छिपे दलालों के बारे में बता सकूं।

... (व्यवधान)
">

">MR. SPEAKER: This is not a debate. You can associate with him since it is on the same subject.

">मुलायम सिंह जी, आप बैठिए।

">

">श्री मुलायम सिंह यादव : अध्यक्ष महोदय, बोफोर्स कांड में लिप्त लोगों के गहरे रिश्ते विदेशों में छिपे दलालों के साथ हैं।

... (व्यवधान)
">

">SHRI MANI SHANKAR AIYAR : Mr. Speaker, Sir, I am on a point of order. Sir, I request that the remarks be expunged from the records. ... (Interruptions)

">MR. SPEAKER: Nothing should go on record except what Shri Bishnu Pada Ray says.

">(Interruptions) *

">श्री विष्णु पद राय : अध्यक्ष महोदय, मेरा नाम पुकारा गया है। आप उनको बैठने के लिए बोलिए। आप पुराने सदस्यों के साथ-साथ नए सदस्यों को भी अपनी बात कहने का अवसर प्रदान करें।

... (व्यवधान)
">

">श्री मुलायम सिंह यादव : अध्यक्ष महोदय, हमें अपनी बात कहने का पूरा मौका दिया जाए ताकि हम विस्तार से इस बारे में बता सकें।

">

">MR. SPEAKER: Nothing should go into the records except what Shri Bishnu Pada Ray says.

">(Interruptions)*

">श्री विष्णु पद राय : अध्यक्ष महोदय, मैं अंडमान निकोबार से आया हूं। इससे पहले मैंने चार बार जीरो ऑवर में बोलने के लिए लिख कर दिया है। मुझे आज अवसर मिला है, लेकिन माननीय सदस्य द्वारा व्यवधान पैदा किया जा रहा है।

... (व्यवधान)
">

">कुंवर अखिलेश सिंह : अध्यक्ष महोदय, यह बोफोर्स दलाली का मामला है। ... (व्यवधान) सरकार इसके बारे में जवाब दे।

... (व्यवधान)
">

">श्री श्याम बिहारी मिश्र (बिल्हौर) : अध्यक्ष महोदय, हमारा तो कभी भी बोलने का नम्बर नहीं आता है।

... (व्यवधान)
ये लोग रोज ही झगड़ा शुरू कर देते हैं। ... (व्यवधान) यह ठीक बात नहीं है।

... (व्यवधान)
">

">श्री विष्णु पद राय : अध्यक्ष महोदय, आप इनको बैठाइये।

... (व्यवधान)
मैं भी इन्हें नहीं बोलने दूंगा।

... (व्यवधान)
आप पहले इनको बैठाइये, उसके बाद मैं बोलूंगा।

... (व्यवधान)
">

">कुंवर अखिलेश सिंह (महाराजगंज, उ.प्र.) : अध्यक्ष महोदय, विदेशों में जो लोग छुपे हुए हैं, उनको बचाने की साजिश की जा रही है। ...क्वात्रोची को बचाने की कोशिश की जा रही है। (व्यवधान)

">

">अध्यक्ष महोदय : इसलिए हमने आपको मौका दिया था।

">

">

... (व्यवधान)
">

">अध्यक्ष महोदय : आप क्या बोल रहे हैं? आपने रेज किया था।

">

">... (Interruptions)

">MR. SPEAKER: Nothing will go on record except Shri Bishnu Pada Ray''s speech.

">(Interruptions)*

&nb